महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र
चौकमाफी पीपीगंज गोरखपुर उत्तर प्रदेश २७३१६५
Mahayogi Gorakhnath Krishi Vigyan Kendra
Chaukmafi (Peppeganj), Jangal Kaudiya Gorakhpur, U.P-273165
Website : http://www.mgkvk.in Email: gorakhpurkvk2@gmail.com

पशुओं को बचायें खुरहा एवं गलाघोटू से

डॉ विवेक प्रताप सिंह
विषय वस्तु विशेषज्ञ - पशुपालन

खुरहा रोग :

खुरहा (खुरपका एवं मुहपका) पशुओं में पाया जाने वाला प्रमुख रोग है जोकि विषाणु द्वारा फैलता है। यह एक संक्रामक रोग है । इस रोग में आईल एडजूवेंट टीका दिया जाता है । गौवंशीय तथा भैंसवंशीय पशुओं में **प्रथम टीका एक माह** तथा **दूसरा टीका 6 माह** की उम्र पर दिया जाता है तत्पश्चात **प्रति वर्ष टीकाकरण** कराना चाहिए। टीके की मात्रा 2 मिली. प्रति पशु (चमड़ी के नीचे) **मार्च-अप्रैल या सितम्बर-अक्टू**बर के महीने में लगवाना चाहिए । भेड़ तथा बकरियों में एक मिली मात्रा प्रति पशु (चमड़ी के नीचे) देना चाहिए।

गलाघोटू रोग :

बरसात के मौसम में पाया जाने वाला यह प्रमुख रोग है जोकि एक जीवाणु द्वारा जनित रोग है इससे बचाव हेतु **वर्षा ऋतू से पहले एवं शीत ऋतू की शुरुवात** में टीकाकरण किया जाना चाहिए। इस रोग में एडजूवेंट टीका दिया जाता है । गौवंशीय तथा भैंसवंशीय पशुओं में **प्रथम टीका 6 माह की उम्र** और इसके बाद **प्रति वर्ष** दिया जाता है टीके की मात्रा 2 मिली. प्रति पशु (चमड़ी के नीचे) **मानसून के आगमन के पूर्व** देना चाहिए भेड़ तथा बकरियों में एक मिली. प्रति पशु (चमड़ी के नीचे) देना चाहिए।